दिन– गुरुवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 17 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विचार–विमर्श के लिए आज पटना में राजद और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन की होगी बैठक।

02. सर्वोच्च न्यायालय में वक्फ संशोधन अधिनियम– दो हजार पच्चीस को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज फिर सुनवाई होगी।

03. विशेष निगरानी इकाई ने निलंबित अंचलाधिकारी प्रिंस राज के मधुबनी, शेखपुरा और हजारीबाग स्थित ठिकानों पर छापेमारी की। करोड़ों रूपये की अवैध सम्पत्ति का हुआ खुलासा।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया। राज्य के पूर्वी हिस्सों में तेज हवा और वज्रपात की चेतावनी।

---

बिहार विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विचार–विमर्श के लिए आज पटना में राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। विपक्षी गठबंधन के सभी छह घटक दल राजद कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार, वामपंथी दलों के वरिष्ठ नेता और विकासशील इंसान पार्टी के नेता इस बैठक में मौजूद रहेंगे।

–––बाईट–––

---

सर्वोच्च न्यायालय में वक्फ संशोधन अधिनियम दो हजार पच्चीस को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज फिर सुनवाई होगी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने कल इस मामले पर सुनवाई करते हुए कोई अंतरिम आदेश जारी नहीं किया था। इससे पहले केंद्र ने पीठ द्वारा उठाए गए तीन बिंदुओं पर अपनी दलीलें तैयार करने के लिए और समय मांगा था। न्यायालय ने कहा कि जब तक इस कानून पर सुनवाई हो रही है तब तक वक्फ के रूप में घोषित संपत्तियों को गैर–अधिसूचित नहीं किया जाना चाहिए, चाहे वे वक्फ–बाय–यूजर हों या वक्फ बाय डीड।

---

विशेष निगरानी इकाई, एसवीयू ने निलंबित अंचलाधिकारी प्रिंस राज के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। एसवीयू की अलग–अलग टीमों ने निलंबित अंचलाधिकारी के मधुबनी स्थित दो आवास, शेखपुरा के अरियरि स्थित सीओ आवास और झारखंड के हजारीबाग सहित चार ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान एसवीयू को प्रिंस राज और उनकी सीओ पत्नी अंकु गुप्ता के नाम पर कई मकान, फ्लैट, विभिन्न बैंकों में खाता और निवेश के साथ ही लाखों रुपये के आभूषण की जानकारी मिली है। साथ ही सीओ द्वारा अपनी उम्र चार साल छिपाते हुए दोबारा मैट्रिक परीक्षा देने और उसी प्रमाण पत्र पर बीपीएससी से चयनित होने का भी खुलासा हुआ है। विशेष निगरानी इकाई मिले तथ्यों के आधार पर जांच में जुटी है।

---

कैमूर में गव्य विकास योजना में बीस लाख रूपये से अधिक की हेराफेरी का मामला सामने आया है। आर्थिक अपराध इकाई ने वर्ष दो हजार पन्द्रह से अठारह के बीच हुये इस घोटाले के मामले में केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

---

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने केन्द्र सरकार के सहयोग से राज्य में चल रही योजनाओं में गति लाने और अंतर विभागीय समन्वय बनाने के निर्देश दिये हैं। श्री मीणा ने पटना में विभिन्न मंत्रालयों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए प्रत्येक प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी तैनात किये जायेंगे।

---

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची की गुणवत्ता और पारदर्शिता के लिए चुनाव आयोग द्वारा बूथ लेवल एजेंट्स के लिए कल दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में पहले दिन बिहार के दस मान्यता प्राप्त दलों के दो सौ अस्सी बीएलए शामिल हुये।

---

शिक्षा विभाग ने सात हजार तीन सौ इक्यावन महिला शिक्षकों का अंतर जिला स्थानांतरण किया है। इनमें इक्यानवे नियमित और सात हजार दो सौ साठ सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण महिला शिक्षक शामिल हैं। इन सभी को विद्यालय का आवंटन पच्चीस से तीस अप्रैल के बीच होगा।

---

शिक्षा विभाग ने बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से तीसरे चरण में चयनित वैसे शिक्षक अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग का एक और मौका दिया है, जिनकी काउंसिलिंग अधूरी रह गई है या वे अनुपस्थित रहे हैं। विभाग ने कहा है कि ऐसे शिक्षकों की काउंसिलिंग आवंटित जिले अट्ठाईस अप्रैल को होगी।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक की विशेष और कम्पार्टमेंटल परीक्षा के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। इन परीक्षाओं का आयोजन दो मई से सात मई के बीच दो पालियों में होगा।

---

केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती ने बिहार पुलिस में उन्नीस हजार आठ सौ अड़तीस पदों पर सिपाही बहाली को लेकर आवेदन की तिथि पच्चीस अप्रैल तक बढ़ा दी है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि अठारह अप्रैल तक ही निर्धारित थी।

---

आज महान गीतकार, साहित्यकार और बहुमुखी प्रतिभा के धनी गोपाल सिंह नेपाली की पुण्य तिथि है। आज ही के दिन भागलपुर में वर्ष उन्नीस सौ तिरेसठ में उनका निधन हुआ था। उनका जन्म पश्चिमी चंपारण जिले के बेतिया में ग्यारह अगस्त उन्नीस सौ ग्यारह को हुआ था। भारत पर चीन के आक्रमण के समय उन्नीस सौ बासठ में जो ओजस्वी गीत नेपाली ने लिखे वे देश प्रेम की भावना से ओत प्रोत थे। गोपाल सिंह कई विधाओं के धनी थे वे पत्रकारिता से भी जुड़े रहे। कहा जाता है कि उत्तर छायावाद के दौर में गोपाल सिंह प्रमुख हस्ताक्षर थे। एक रिपोर्ट–

–––बाईस–––

वरिष्ठ पत्रकार पारस कुंज ने गोपाल सिंह नेपाली पर बहुत काम किया है। उनका कहना है कि वे किसी भी मायने में राष्ट्रकवि से कम नहीं थे। भागलपुर में उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग श्रद्धा सुमन अर्पित करने उमड़ पड़े थे।

–––बाइट पारस कुंज –––

गोपाल सिंह नेपाली पत्र पत्रिकाओं के साथ जुड़े रहे और उन्होंने मुंबई में फिल्मों के लिए कई गीत लिखे। आकाशवाणी ने उनके कई देशगान का प्रसारण किया । जो अरसे तक लोकप्रिय रहे।

–––गीत –––

आज के समय में जब राष्ट्र प्रथम की भावना ओ पर जोर दिया जाता है तो गोपाल सिंह नेपाली की ओजस्वी अपील उनके गीत, साहित्य और रचनाएं हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी।

धर्मेन्द्र कुमार राय , आकाशवाणी समाचार पटना।

---

मौसम विभाग ने आज किशनगंज और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं,

राज्य के शेष हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। साथ ही राज्य के पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

———बाईट———

---

राज्य में पहली बार चौदह पुराने पेड़ विरासत वृक्ष घोषित होंगे। ये वृक्ष सत्तर से दो सौ पचास वर्ष पुराने हैं। विशेषज्ञों ने इनकी जांच पूरी कर ली है। बिहार जैव विविधता पर्षद के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ये वृक्ष राज्य के चार जिलों जमुई, बक्सर, मुंगेर और भागलपुर में अलग–अलग जगहों के हैं।

---

मुजफ्फरपुर के सकरा प्रखंड के रामपुरमनी गांव के पासवान टोला में अगलगी की घटना में चार बच्चों की झुलस कर मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजली पोल के डीबी बॉक्स में शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से लगी आग की चपेट में पैंसठ घर आ गये। आग लगने के कारण कई घरों में रसोई गैस सिलेंडर में भी विस्फोट हो गया। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया।

---

पटना वन प्रमंडल की टीम ने बैरिया बस स्टैंड में छापा मार भारी मात्रा में पैराकीट और मुनियां प्रजाति की प्रतिबंधित आठ सौ तिरेसठ पक्षियों को बरामद किया है। मौके से एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है।

---

सुपौल के जिले के छह प्रखंड की तेरह पैक्सों को ई–पैक्स का दर्जा दिया गया है। अब यहां सारे काम ऑनलाइन होंगे।

---

आरा जीआरपी ने फरक्का एक्सप्रेस की एक बोगी से बीस लाख रूपये मूल्य के कछुए के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने वक्फ संशोधन अधिनियम की संवैधानिकता पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी को शीर्षक बनाते हुये लिखा है– हिन्दू धार्मिक न्यासों में क्या मुस्लिम हिस्सा होंगे।

प्रभात खबर ने इसी खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दिया अंतरिम आदेश, केन्द्र से मांगा जवाब।

दैनिक जागरण ने लिखा है– जनता के बीच अपनी ठोस उपलब्धियों के दस्तावेज के साथ जायेगा एनडीए। मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक में रिपोर्ट कार्ड के मसौदे पर विचार।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– सुपौल के निलंबित सीओ प्रिंस राज की सम्पत्ति आय से तिरानवे प्रतिशत अधिक। राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– पैंतीस एफडीसी दवाओं के निर्माण और बिक्री पर प्रतिबंध। आज अखबार की सुर्खी है– पांच सौ करोड़ रूपये की लागत से मुजफ्फरपुर में बनेगा मेगा फूड पार्क।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विचार–विमर्श के लिए आज पटना में राजद और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन की होगी बैठक।

02. सर्वोच्च न्यायालय में वक्फ संशोधन अधिनियम– दो हजार पच्चीस को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज फिर सुनवाई होगी।

03. विशेष निगरानी इकाई ने निलंबित अंचलाधिकारी प्रिंस राज के मधुबनी, शेखपुरा और हजारीबाग स्थित ठिकानों पर छापेमारी की। करोड़ों रूपये की अवैध सम्पत्ति का हुआ खुलासा।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया। राज्य के पूर्वी हिस्सों में तेज हवा और वज्रपात की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।